अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

मुगालिया कोट (सूखी सेवनिया), विदिशा रोड, भोपाल-462038 (म.प्र.)

ई-मेल-abvhvbpl@gmail.com वेबसाईट-www.abvhv.edu.in

क्रमांक 3036 अबिवाहिंविवि / गोपनीय एफ-6 / 2024 भोपाल, दिनांक : 12/12/24

संशोधित अधिसूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का पंचम दीक्षांत समारोह 25 दिसंबर 2024, बुधवार, को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर राजा भोज हॉल भोपाल के सभागार में प्रातः 11.00 बजे आयोजित किया जाना निश्चित हुआ है। इस समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में स्नातक (बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम, बी.सी.ए, बी.बी.ए., बी.एड., बी.एफ.ए, बी.लिब) एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि एवं पदक प्रदान किये जावेंगे। ऐसे सभी विद्यार्थियों को अधिसूचना क्रमांक 2067/अबिवाहिंविवि/गो./एफ-5/2024 दिनांकित 20.11.2024 द्वारा आवेदन हेतु सूचित किया गया था। अभी भी अनेक छात्र आवेदन से वंचित रह गए है उन्हें **दिनांक 12.12.2024 से 20.12.2024** तक आवेदन हेतु **एक और** अवसर प्रदान किया जाता है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल **www.abvhv.mponline.gov.in** के माध्यम से शुल्क रूपये 700/- (उपाधि शुल्क रूपये 400/- तथा साफा एवं अंगवस्त्र शुल्क रूपये 300/-) जमाकर दीक्षांत समारोह में पदक/उपाधि प्राप्त करने हेतु अपना पंजीयन करायें तथा भरे हुए आवेदन पत्र, अंकसूची के साथ दिनांक 21.12.2024 तक गोपनीय/परीक्षा शाखा में जमा करायें ताकि उन्हें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित किया जा सके।

(शैलेन्द्र कुमार जैन)
कुलसचिव

क्रमांक 3037 अबिवाहिंविवि/गोपनीय एफ-6/2024. भोपाल, दिनांक : 12/12/24

प्रतिलिपि-

1. निज सहायक के माध्यम से मा.कुलगुरुजी को सूचनार्थ।
2. निज सहायक, के माध्यम से कुलसचिवजी को सूचनार्थ।
3. वित्त अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,भोपाल की ओर सूचनार्थ।.
4. परीक्षा नियंत्रक/अकादमी/भंडार/स्थापना, अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. आई.टी.सेल प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. निज नस्ती।

(डॉ.विजय कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक